ओंटारीओ के अभिभावकों के नाम एक खुला पत्र

हम अभिभावकों, शिक्षकों, मजदूर नेताओं और करदाताओं के रूप में यह पत्र लिख रहे हैं, जो सार्वजनिक-निधिबद्ध शिक्षा को सुरक्षित रखने और उसे सुधारने के लिए समर्पित है।

ओंटारीओ ने विश्व में सबसे बेहतरीन शिक्षा प्रणालियों में से एक तैयार किया है। इसने महत्वपूर्ण प्रगतियों को देखा है जिसके परिणामस्वरूप छात्रों और प्रदेश के लिए बेहतर नतीजे सामने आए हैं।

15 मार्च, 2019 को शिक्षा मंत्री लीसा थॉमप्सन ने इस हकीकत से पर्दा उठाया जिसे डग फोर्ड (Doug Ford) और उनकी सरकार *शिक्षा के लिए अपनी नई दूरदर्शिता* बता रहे हैं।

उनकी *योजना* से हमने जो सारी उन्नतियाँ की हैं वो खतरे में पड़ जाएंगी।

उनकी *योजना* ओंटारीओ के छात्रों की ज़रूरतों को पूरा करने और समर्थन करने में विफ़ल है। हमारे बच्चों, उनके भविष्य और हमारी आर्थिक खुशहाली के महत्व को कम करने के लिए यह एक सोची समझी चाल है।

उनकी *योजना* से कक्षा में छात्रों की संख्या बढ़ेगी, जिससे अध्यापकों, शिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों द्वारा आपकी संतान को दिया जाने वाला समय सीधे तौर पर घटेगा।

उनकी *योजना* से आपकी संतान कम से कम चार ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को पूरा करने के लिए मजबूर होगी, जिससे जो समय आपकी संतान को शिक्षकों और सहपाठियों के साथ व्यतीत करना चाहिए वह और भी घट जाएगा।

फुल-डे किंडरगार्टन से लेकर ग्रेड 12 तक, शिक्षा एक निवेश है जिससे आने वाले समय में बेहतर नौकरियाँ, उच्च आमदनी और एक स्वस्थ प्रदेश के रूप में सार्थक लाभांश प्राप्त होते हैं।

फोर्ड सरकार द्वारा स्कूल बोर्ड के लिए कटौतियों के प्रस्ताव से सार्वजनिक - निधिबद्ध शिक्षा प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इसका अर्थ यह है की विशिष्ट कार्यक्रम जिनसे कला, विशेष शिक्षा जैसे व्यवसाय और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम (यानि अंतर्राष्ट्रीय स्नातक उपाधि, उन्नत नियोजन, मेधावी बच्चों की शिक्षा और आउटडोर शिक्षा) के रद्द होने का खतरा रहेगा।

फोर्ड सरकार द्वारा घोषित कटौतियों का अर्थ है ओंटारीओ के हर बच्चे के लिए अभाव। इससे निम्न परिणाम सामने आएंगे:

- जिन छात्रों को कक्षा में और कक्षा के बाहर अतिरिक्त मदद और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है उसके लिए शिक्षकों के पास कम समय बचेगा।
- जैसे-जैसे छात्र इस पद्धति में आगे बढ़ेंगे उनके पास चयन करने के लिए कम पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे।
- मार्गदर्शन सलाहकार, शिक्षा सहयोगी, चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, समाज सेवक, , नर्सरी शिक्षक, और शिक्षा दल के अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों तक कम पहुँच।
- पाठ्यक्रमेतर क्रियाकलापों, क्लब, और समूहों के लिए पाठशालाओं में स्वैच्छिक भागीदारी के लिए कम पेशेवरों की उपलब्धता।
- विशेष ज़रूरतों वाले छात्रों की सहायता के लिए कम पेशेवरों की उपलब्धता।

असली आर्थिक दायित्व का अर्थ है हमारे छात्रों को शिक्षित करने में निवेश करना। असली आर्थिक दायित्व का अर्थ है यह सुनिश्चित करना की हमारी शिक्षा प्रणाली सभी छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करने में सक्षम है। इसका अर्थ है सार्वजनिक शिक्षा निधि में निवेश करना न की कटौती करना।

हम यहाँ छात्रों के लिए हैं। हम जानते हैं की आप भी हैं।

www.hereforstudents.ca पर हमारी वैबसाइट देखें। वहाँ जाकर, एक मिनट देकर अपने एमपीपी को अपना संदेश भेजें—उन्हें बताएं की कक्षा में छात्रों की संख्या को बढ़ाने और कार्यक्रमों को घटाने में आप उनका समर्थन नहीं करते हैं।

हार्वे बिशोफ (Harvey Bischof), अध्यक्ष
Ontario Secondary School Teachers' Federation
(OSSTF/FEESO)

सैम हैमंड, अध्यक्ष
Elementary Teachers' Federation of Ontario (ETFO)

रमी सबौरिन (Rémi Sabourin)
अध्यक्ष
Association des enseignantes et des enseignants franco-ontariens (AEFO)

लिज़ स्टुअर्ट (Liz Stuart)
Ontario English Catholic Teachers' Association
(OECTA)

OSSTF/FEESO ETFO FEEO aefo Association des enseignantes et des enseignants franco-ontariens Ontario English Catholic Teachers Association